

## एक नजर में

### सड़क नहीं बनने पर रहवासियों का चक्काजाम



**नीमच।** शहर के वार्ड क्रमांक 15, 16 और 17 को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का भूमि पूजन हुए कई महीने बीत जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे नाराज क्षेत्रवासियों ने शनिवार को चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया और 'नगर पालिका मुर्दाबाद', 'जवाब दो–जवाब दो' व 'सड़क बनाओ–जनता बचाओ' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 18 फरवरी से मुस्लिम समाज का पवित्र त्योहार रमजान शुरू होने जा रहा है। मस्जिद जाने का यह एकमात्र प्रमुख मार्ग है, जो वर्तमान में बदहाल है। सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे हैं, जिनमें गंदा पानी और कीचड़ भरा रहता है, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने यह भी बताया कि इसी मार्ग से गुजरने वाले शहर के बड़े नाले की सालों से न तो सफाई हुई है और न ही उसे ढका गया है। वहीं, नाले के किनारे की सुरक्षा दीवार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रदर्शन में वार्ड 15 से पार्षद अंजना राकेश सोनकर और वार्ड 16 से पार्षद नजमा इकराम पहलवान भी शामिल थीं। उन्होंने नगर पालिका को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

### बघाना को मिलेगी सीवरेज की सौगात

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत अब बघाना क्षेत्र को भी सिवरेज की सौगात मिलने जा रही है! अमृत 2.0 योजना अंतर्गत बघाना में 15 फरवरी रविवार को दोपहर 3:00 बजे अहीर व्यायाम शाला अखाड़ा नंबर 1 के यहां 14 करोड़ 69 लाख की लागत वाले सीवरेज कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। उपरोक्त भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, एवं मंडल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह राणावत उपस्थित रहेंगे! कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गोरव चोपड़ा करेंगी! विशेष अतिथि के रूप में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, योजना एवं परिवहन सभापति श्रीमती कुसुम अशोक जोशी तथा सभी सभापति उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए नपा सभापति एवं वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद श्री नीरज अहीर, वार्ड क्रमांक 36 की पार्षद श्रीमती वीणा बृजेश सक्सेना, वार्ड क्रमांक 37 की पार्षद श्रीमती नसीम बानो लप्पो आपा, वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद श्री शशि कल्याणी एवं वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद श्रीमती सुशीला रामलाल ग्वाला ने बताया कि बघाना क्षेत्र को सिवरेज की सुविधा मिलने से बघाना क्षेत्र साफ सुथरा नजर आएगा एवं बघाना वासियो को गंदगी से निजात मिलेगी।

### विकास नगर नीमच में चातुर्मास की स्वीकृति



**नीमच।** परम पूज्य विचक्षण ज्योति प्रज्ञा भारती महामांगलिक प्रदात्री प्रवर्तिनी महोदया श्री चन्द्रप्रभा श्रीजी मसा की सुशिष्या प.पू. रत्ननिधि श्रीजी एवं प.पू. पुण्यनिधि श्रीजी मसा आदि ठाणा का आगामी चातुर्मास महावीर जिनालय, विकास नगर, नीमच में संपन्न होगा। दिनांक 13 फरवरी 2026 को आलोट में दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष राकेश आंचलिया, उपाध्यक्ष राजमल छाजेड, कोषाध्यक्ष किशनलाल लोढा सहित राहुल पगारिया, आशीष सुराना, दिनेश नागोरी एवं राजेश कच्छारा तथा अन्य समाजजन उपस्थित होकर मसा से नीमच चातुर्मास हेतु विनम्र निवेदन किया। मसा ने समाज की भावनाओं का मान रखते हुए सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। इसकी आधिकारिक घोषणा आचार्य मसा द्वारा की जाएगी। इसी अवसर पर श्री संघ के सदस्यों ने मसा से आगामी अप्रैल माह में आयोजित होने वाले दो भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने हेतु महाराज साहब से निवेदन किया। वर्तमान योग एवं व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने उक्त महोत्सव में पधारने की भी स्वीकृति प्रदान की।

### सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र, नीमच में 'परिवार कल्याण दिवस' का आयोजन

**नीमच।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद एवं दिवंगत कार्मिकों की वीरांगनाओं, परिजनों और निकटतम संबंधियों के सम्मान, संवाद एवं उनकी लंबित समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से ग्रुप केंद्र, नीमच में शनिवार को 'परिवार कल्याण दिवस' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रमोद कुमार साहू, कमांडेंट, ग्रुप केंद्र, नीमच ने की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहीदों एवं दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को यथोचित सम्मान प्रदान करना, उनके बकाया भुगतान से संबंधित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करना, करुणामूलक आधार पर उनके पात्र आश्रितों को बल में नियुक्ति की प्रक्रिया से अवगत कराना तथा उनकी अन्य लंबित समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान करना रहा। साथ ही, बल द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत एवं व्यक्तिगत जानकारी भी उन्हें प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि विगत पांच वर्षों के दौरान देश सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले तथा ग्रुप केंद्र, नीमच के क्षेत्राधिकार में आने वाले मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में निवासरत शहीदों, दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को इस अवसर पर सरकारी व्यय पर सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया।

# मालवा–मेवाड़ से यूपी तक 'काले सोने' की फसल का अंतिम पड़ाव

- देश के 1.21 लाख किसानों की अग्निपरीक्षा शुरू
- खेतों में गूंजे काली मां के जयकारे–अफीम की लुवाई–चिराई का श्रीगणेश



**नीमच।** सर्दी, गर्मी और बेमौसम बरसात के थपेड़े सहकर खेतों में खड़ी 'काले सोने' की फसल अब अपने अंजाम तक पहुंचने वाली है। मध्य प्रदेश के मालवा, राजस्थान के मेवाड़ और उत्तर प्रदेश के कुछ चुनिंदा जिलों में शुभ मुहूर्त में मां काली की पूजा–अर्चना के साथ अफीम की लुवाई–चिराई का कार्य विधिवत शुरू हो गया है। नीमच जिले के जावद क्षेत्र के ग्राम मोड़ी में जैसे ही किसानों ने अफीम के डोडों पर नर्नी (चीरा लगाने का औजार) चलाई, पूरा खेत 'जय काली' के उद्घोष से गूंज उठा। ये नजारा सिर्फ जावद का नहीं, बल्कि देश के उन तीनों राज्यों का है, जहां दोपहर के कड़े पहरे में अफीम की खेती की अनुमति दी जाती है।

#### किसान की बात

'काले सोने' की फसल का अंतिम पड़ाव : ग्राम मोड़ी में रहने वाले अफीम काश्तकार अर्जुन सिंह सिसोदिया का कहना है कि 'यह खेती हमारी पीढ़ियों की विरासत है, लेकिन अब ये घाटे का सौदा बनती जा रही है। हम सरकार को 'सोना' सौंपते हैं, लेकिन बदले में हमें 'पीतल' का भाव मिलता है। सरकार को लागत के हिसाब से दाम बढ़ाने चाहिए।'

#### क्यों है यह 'काला सोना'?

**सरकारी भाव:** सरकार किसानों से बहुत कम दाम (गुणवत्तानुसार कुछ हजार रु./किलो) में अफीम खरीदती है, जिससे बमुश्किल लागत निकलती है।

**काला बाजार:** अंतरराष्ट्रीय तस्कर बाजार में इसी अफीम की कीमत मांग के अनुसार डेढ़ लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक मानी जाती है।

**जोखिम:** यही भारी कीमत किसानों की नींद उड़ाए हुए है। तस्करों की नजर और एनडीपीएस एक्ट की सख्त धाराओं के चलते किसान अब अगले 20 दिन रातों में जागकर पहरा देंगे।

**ग्राउंड जीरो: तोते न चुरा ले जाएं 'नींद', इसलिए पूरे खेत पर जाल:** ग्राम मोड़ी के उन्नत किसान राजू नागदा ने बताया कि, अफीम के डोडे तोतों (मिट्ठू) को बहुत प्रिय होते हैं। पक्षी डोडे फोड़कर बेशकीमती दूध (लेटेक्स) न पी जाएं, इसके लिए किसानों ने हजारों रुपए खर्च कर पूरे खेत को नायलॉन की जाली से ढंके जाते हैं।

#### 1–कहां होती है खेती?

अफीम की खेती की अनुमति केंद्र सरकार से मिलती है, फिर उसी की निगरानी में इसकी फसल तैयार होती है। भारत में सिर्फ तीन राज्य हैं, जहां आधिकारिक तौर पर अफीम की खेती के लिए अनुमति मिल सकती है, वो भी सरकार की ओर से निर्धारित जिलों में सिर्फ चुनिंदा स्थानों पर। जिन राज्यों को अनुमति मिलती हैं, उनमें मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिले शामिल हैं। यहां सिर्फ दवाओं आदि में इस्तेमाल के लिए ये खेती होती है। इसके अलावा कहीं और अफीम की खेती को अवैध माना जाता है और पकड़े जाने पर गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है।

तीन राज्यों के इन जिलों को मिल सकती है खेती की अनुमति

- मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, रतलाम (जावरा), उज्जैन और शाजापुर जिले में इस खेती की अनुमति दी जाती है।
- राजस्थान के चित्तौड़गढ़, कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा और प्रतापगढ़ जिले में भी इस खेती की अनुमति दी जाती है।
- उत्तर प्रदेश के बाराबंकी, बरेली, लखनऊ और फैजाबाद जिले के चुनिंदा इलाकों में भी इसकी अनुमति मिलती है।

#### 2–पट्टों का ताजा लेखा–जोखा

इस साल (2025–26) में सरकार ने करीब 1.21 लाख किसानों को इस खेती के पट्टे दिए हैं, जिनमें लगभग 15,000 नए किसान शामिल हैं।

- **लुवाई–चिराई पट्टे** : उन्हें दिए गए, जिनकी औसत 4.2 किग्रा/हेक्टेयर से ज्यादा थी।
- **सीपीएस पट्टे** : उन्हें मिले, जिनकी औसत कम से थी या जिन्होंने स्वेच्छा से इसे चुना। इसमें डोडा बिना चीरा लगाए सरकार को देना होता है।

#### 3–अगले साल (2026–27) की शर्त

इस साल जो किसान 5.9 किग्रा/हेक्टेयर (लुवाई वाले) की औसत सरकार को देंगे, सिर्फ उन्हीं का लाइसेंस अगले साल रिन्यू हो सकेगा।

प्रक्रिया : दोपहर में 'घाव', सुबह 'मरहम'
'काले सोने' की फसल का अंतिम पड़ाव
अफीम निकालने का काम बेहद तकनीकी है।

- **चिराई** : दोपहर बाद धूप ढलने पर किसान 'नर्नी' (नुकीला औजार) से डोडे पर नीचे से ऊपर की ओर चीरा लगाते हैं।
- **दूध का जमना** : रातभर की ठंडक में डोडे से दूध रिसकर जम जाता है।
- **लुवाई** : अगली सुबह सूर्योदय से पहले इसे 'चरपाला' (खुरचनी) से इकट्ठा किया जाता है। यही कच्ची अफीम है।

# अल्टो कार से 765 क्वार्टर शराब बरामद, 5 गिरफ्तार

- पायलेटिंग कर रही स्कूटी–बाइक भी जब्त, नीमच पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही



**नीमच।** नीमच सिटी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 765 क्वार्टर देसी शराब जब्त की है। इस मामले में एक अल्टो कार और दो दोपहिया वाहनों सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी पुष्पासिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मनासा नाका, मालखेड़ा फंटा की ओर से एक अल्टो कार अवैध शराब लेकर आ रही है। इस कार के साथ एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी भी पायलेटिंग कर रही थीं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी की और वाहनों को रोका।

**अल्टो कार से 765 क्वार्टर शराब बरामद:** तलाशी लेने पर अल्टो कार की डिक्की से 145 क्वार्टर देसी प्लेन शराब और 620 क्वार्टर देसी मसाला शराब बरामद हुई। कुल 765 क्वार्टर अवैध शराब के साथ अल्टो कार (एमपी 07 सीडी 8241), एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया।

**पुलिस आरोपियों से शराब के सोर्स के बारे में पूछ रही है:** थाना नीमच सिटी में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से अवैध शराब के स्रोत के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार रात जिन पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनमें विजय सिंह (21, निवासी आपूखेड़ी, थाना नारायणगढ़, मंदसौर), गोविंद सिंह (30, निवासी आपूखेड़ी, थाना नारायणगढ़, मंदसौर), कृष्णपाल (35, निवासी उमाहेड़ा, थाना नीमच सिटी), अशोक (40, निवासी बोरखेड़ी पानेड़ी) और रतनसिंह (40, निवासी आपूखेड़ी, थाना नारायणगढ़, मंदसौर) शामिल हैं।

# न्यू इंद्रानगर बगीचे में दो साल से सीवरेज जमा, कांग्रेस ने नपा घेराव की चेतावनी दी, 25 परिवार परेशान



**नीमच।** शहर के वार्ड नंबर 8 स्थित न्यू इंद्रानगर में 25 से अधिक परिवार पिछले दो साल से सीवरेज के गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। चमत्कारी बालाजी मंदिर के सामने सार्वजनिक बगीचे में गंदा पानी जमा होने से बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, सीवरेज की पुरानी चेंबर लाइन मकानों के नीचे से गुजरती है। कुछ मकान मालिकों द्वारा चेंबर बंद कर दिए जाने के कारण यह लाइन बार–बार जाम हो रही है और गंदा पानी बगीचे में फैल रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। रहवासियों का आरोप है कि नगर पालिका ने सर्वे तो किया था, लेकिन नई सीवरेज लाइन नहीं डाली गई, जिससे पुरानी लाइन पर बोझ बढ़ गया है।

बगीचे में लगातार गंदा पानी जमा रहने से हर समय बदबू फैली रहती है, जिसका सीधा असर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लंबे समय से सुनवाई न होने पर वार्ड पार्षद पति और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओम दीवान मौके पर पहुँचे। उन्होंने रहवासियों की समस्याएँ सुनीं और इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओम दीवान ने बताया कि वे इस समस्या को नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में लाएँगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

# शिवरात्रि व मोहर्रम को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

- एसपी ने ली मैराथन अपराध समीक्षा बैठक




**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने शुक्रवार 14 फरवरी 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम नीमच में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों की मैराथन अपराध समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चली, जिसमें कानून–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं लंबित मामलों की समीक्षा की गई।

बैठक में एसपी जायसवाल ने आगामी शिवरात्रि एवं रमजान पर्व के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारियों को पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के दौरान शिव मंदिरों, मेलों, चल समारोहों व रैलियों के रूट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा मेले वाले स्थानों पर पीए सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। मेला संचालकों से समन्वय कर झूलों व अन्य साधनों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली जाए।

**महिला अपराधों में संवेदनशीलता पर जोर:** एसपी ने महिला संबंधी अपराधों में विशेष संवेदनशीलता बरतने, समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा फरियादियों से थानों में शालीन व्यवहार करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित अपराध, मर्ग व चालान का शीघ्र निराकरण करने पर भी बल दिया।

**तकनीक के उपयोग पर जोर:** एसपी ने नफीस एप, आईसीजेएस एवं ई–साक्ष्य एप के अधिकतम उपयोग तथा एनडीपीएस प्रकरणों में पूर्ण पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा एवं एसडीओपी मनासा निकिता सिंह सहित जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी, सायबर सेल, स्थापना शाखा एवं जिला विशेष शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### बीमा क्लेम और आर्थिक राहत की गुहार

बैठक में एनडीपीएस एक्ट, मादक पदार्थ तस्करी, जुआ–सट्टा, अवैध शराब, गौवंश तस्करी, संपत्ति संबंधी अपराधों एवं आदतन अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला बदर, रासुका, सफेमा व पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय–सीमा में निराकरण, गुम बालक–बालिकाओं की दस्तयाबी, वारंटों की तामिली और रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए।

# युवती का फंदे पर मिला शव

**नीमच।** बघाना थाना क्षेत्र के खेड़ादारू गांव में शुक्रवार शाम एक 22 साल युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका की पहचान पायल पुत्री गणपत सिंह राजपूत के रूप में हुई है। आज शनिवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार, पायल ने शाम करीब 7 बजे अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। काफी देर तक युवती के कमरे से बाहर न आने पर परिजनों ने अंदर जाकर देखा, तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों ने तत्काल युवती को फंदे से नीचे उतारा और उसे आनन–फानन में जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर बघाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में जिला अस्पताल में मृतिका का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और युवती द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाने के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है।


खुश खबर खुश खबर खुश खबर

उज्जैन व्यापार मेला

आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील




आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट

इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।

युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200

मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804


## एक नजर

### मन्नू बना ने कहा कि नीमच जिला पूरी तरह कृषि पर आधारित है

# भारत–अमेरिका ट्रेड डील से नीमच के किसानों पर मंडराया संकट

- –युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मन्नू बना बोले– सस्ती आयातित फसलों से लहसुन, सोयाबीन और अफीम उत्पादक होंगे प्रभावित



**नीमच।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में नीमच युवा कांग्रेस ने जिले के किसानों के हितों को लेकर चिंता व्यक्त की है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनमोहनसिंह 'मन्नू बना' ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यदि भारत–अमेरिका ट्रेड डील के तहत कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती या छूट दी जाती है, तो इसका सीधा और नकारात्मक असर नीमच जिले की कृषि अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

मन्नू बना ने कहा कि नीमच जिला पूरी तरह कृषि पर आधारित है। यहां के किसान मुख्य रूप से लहसुन, सोयाबीन, गेहूं और अफीम जैसी नगदी फसलों की खेती करते हैं। जिले की बड़ी आबादी की आजीविका इन्हीं फसलों पर निर्भर है। यदि अमेरिका से सस्ती सोयाबीन, दालें या अन्य कृषि उत्पाद बड़े पैमाने पर भारतीय बाजार में प्रवेश करते हैं, तो स्थानीय मंडियों में भाव गिरना तय है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को होगा, जो पहले से ही कर्ज और बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खाद, बीज, कीटनाशक और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में यदि बाजार में आयातित सस्ती उपज आ जाती है, तो किसानों की लागत भी नहीं निकल पाएगी। इससे कृषि क्षेत्र में असंतोष बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि नीमच की पहचान देश में मसाला उत्पादन, विशेषकर लहसुन और अफीम के लिए है। यदि आयात नीति में बिना सोच–समझ के बदलाव किए गए तो यहां की मंडियों में व्यापार प्रभावित होगा। स्थानीय व्यापारियों और कृषक परिवारों की आय घट सकती है। मन्नू बना ने केंद्र सरकार से मांग की कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले राज्यों की सरकारों, किसान संगठनों और कृषि विशेषज्ञों से व्यापक चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना स्वागतयोग्य है, लेकिन यह सुनिश्चित होना चाहिए कि देश के अन्नदाता के हितों से समझौता न हो। मन्नू बना ने कहा कि सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी बढ़े और स्थानीय किसानों की आय भी सुरक्षित रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के हितों को नजर अंदाज किया गया तो युवा कांग्रेस जिला स्तर पर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी और किसानों की आवाज को सशक्त तरीके से उठाएगी।

#### ट्रेड डील की चर्चा से मंडियों में गिरावट

मन्नू बना ने दावा किया कि भारत–अमेरिका ट्रेड डील का मामला सार्वजनिक होने के बाद कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन के भाव में भारी गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सोयाबीन के दाम करीब 600 रुपए प्रति क्विंटल तक नीचे आ गए हैं, जिससे किसानों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि यदि डील पर स्पष्टता नहीं आई तो बाजार में अस्थिरता और बढ़ सकती है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा।